समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Wednesday, 23 September 2026

# पाकिस्तान फिर होगा बेनकाब, भारत ने कर ली पूरी तैयारी, पड़ोसी मुल्क की इस चाल पर फेरेगा पानी।

Publisher

Published on 30 Jun 2025



## जुलाई मे भारत को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की अध्यक्षता मिलने वाली है, ऐसे मे पाकिस्तान कश्मीर मुद्दे को उछालने और भारत को बदनाम करने की फिराक मे है, लेकिन भारत की रणनीति इस बार कहीं ज़्यादा ठोस और आक्रामक है।

**नई दिल्ली :** भारत को जुलाई 2025 में **संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (UNSC)** की अध्यक्षता मिलने जा रही है। यह अवसर भारत के लिए **वैश्विक मंच** पर अपनी कूटनीतिक ताकत और वैश्विक प्रभाव को दिखाने का एक महत्वपूर्ण मौका होगा। लेकिन इसी के साथ पाकिस्तान के **कश्मीर प्रोपेगेंडा** की साजिशें भी तेज होने की आशंका जताई जा रही है।

सूत्रों के अनुसार, पाकिस्तान इस अध्यक्षता का दुरुपयोग कर भारत को बदनाम करने और कश्मीर मुद्दे को एक बार फिर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उठाने की कोशिश कर सकता है। **पाकिस्तान द्वारा OIC (इस्लामिक सहयोग संगठन)** की एक विशेष बैठक बुलाने की भी योजना है, जिसमें वह **कश्मीर** और **फिलिस्तीन** जैसे मुद्दों को उछाल सकता है।

**भारत की पूरी तैयारी :**
१. **भारत ने इन संभावित चालों को भांपते हुए पहले से ही एक रणनीति तैयार कर ली है।**
२. **भारत आतंकवाद, आर्थिक विकास, स्टार्टअप इनोवेशन, और डिजिटल इंडिया जैसे सकारात्मक पहलुओं को वैश्विक समुदाय के सामने प्रमुखता से रखेगा।**
३. **साथ ही भारत आतंकवाद से मानवता को होने वाली क्षति को उजागर करने के लिए न्यूयॉर्क मे एंक फोटो प्रदर्शनी का**

**आयोजन करेगा, जिसका उद्घाटन विदेश मंत्री एस. जयशंकर करेगें।**

### UNSC मे शांति और सुरक्षा पर बहस :

**22 जुलाई को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद** में एक खुली बहस का आयोजन होगा, जिसमें **वैश्विक शांति, सुरक्षा** और **विवादों** के शांतिपूर्ण समाधान जैसे मुद्दों पर चर्चा की जाएगी।

### अधिकारी का बयान :

एक वरिष्ठ अधिकारी ने नाम न जाहिर करने की शर्त पर बताया कि, "भारत इस पूरे महीने के दौरान विकास और वैश्विक सहयोग पर आधारित कार्यक्रमों की योजना पर काम कर रहा है, जिसमें हमारी आर्थिक सफलता, स्टार्टअप संस्कृति, डिजिटल विकास और विदेशी निवेश में बढ़ोतरी जैसी कहानियों को प्रमुखता से रखा जाएगा।"

### पाकिस्तान का पुराना नैरेटिव फिर दोहराने की कोशिश :

पाकिस्तान का इरादा फिर से कश्मीर के बहाने भारत के खिलाफ झूठा नैरेटिव फैलाने का है, लेकिन भारत इस बार न केवल **कूटनीतिक** रूप से सतर्क है बल्कि तथ्यों और **वैश्विक समर्थन** के साथ पूरी तरह तैयार है।

ऐसी ही देश और दुनिया की बड़ी खबरों के लिए फॉलो करें: www.samacharwani.com

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.